रजिस्टर्ड

राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (N-289) अलेसे–I/ 1896 दिनांकः– 25/11/22

श्री नरेश कुमार सोनोटिया,
सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I,
कार्यालय निदेशक,
सैनिक कल्याण विभाग, जयपुर।

## कारण बताओ नोटिस

विषयः– नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करने के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विभागीय आदेश संख्या 37 / 2022–23 दिनांक 15.06.2022 के द्वारा आपका स्थानान्तरण कार्यालय निदेशक, सैनिक कल्याण विभाग, जयपुर से कार्यालय वित्त (व्यय– I) विभाग, सचिवालय, जयपुर में किया गया था, किन्तु आप द्वारा आदिनांक तक नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं किया गया। तत्पश्चात् आपको निदेशालय के समसंख्यक पत्रांक 1373 दिनांक 06.10.2022 द्वारा निदेशालय स्तर से कार्यमुक्त कर तुरंत नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु आप द्वारा निदेशालय के द्वारा जारी उक्त दोनों आदेशों की पालना नहीं की है। आप द्वारा उक्त आदेशों की पालना नहीं करना गम्भीर लापरवाही एवं राजकीय आदेशों की स्पष्ट अवहेलना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप निदेशालय के आदेश दिनांक 15.06.2022 एवं कार्यमुक्ति आदेश क्रमांक 1373 दिनांक 06.10.2022 की पालना में अतिशीघ्र नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करे एवं आदिनांक तक नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं किये जाने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के तीन दिवस में आवश्यक रूप से इस विभाग को प्रस्तुत करें, कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावें।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

क्रमांकः– एफ.2 (क) (N-289) अलेसे–I/ 1896 दिनांकः– 25/11/22

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, सैनिक कल्याण विभाग, जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय– I) विभाग, सचिवालय, जयपुर।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)